1

राज्य निर्वाचन आयोग,
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्र संख्या–पं0नि0 30–24/2018– **1775**

प्रेषक,

विशेष कार्य पदाधिकारी,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

आयुक्त,
तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर।

पटना, दिनांक– 08.04.2024

**विषयः– जिला परिषद, शिवहर के उपाध्यक्ष के रिक्त पद पर निर्वाचन के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि जिला परिषद, शिवहर उपाध्यक्ष के रिक्त पद पर **दिनांक 24.04.2024 को निर्वाचन संपन्न कराया जाना है। इस पद पर निर्वाचन हेतु जिला पदाधिकारी, शिवहर को निर्वाची पदाधिकारी बनाया गया है। आयोग के पत्रांक 1774 दिनांक 08.04.2024 से इसकी सूचना सभी संबंधित को दे दी गयी है एवं इसकी प्रति आपको भी दी गयी है।**

2. स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से निर्वाचन सुनिश्चित करने हेतु **आयोग द्वारा निदेश दिया गया है कि अपने क्षेत्राधीन (किन्तु शिवहर जिला से भिन्न) पदस्थापित बिहार प्रशासनिक सेवा के अपर समाहर्त्ता या उससे उच्च स्तर के किसी पदाधिकारी को संबंधित पद पर निर्वाचन हेतु प्रेक्षक के रूप में कृपया प्रतिनियुक्त किया जाय।** प्रतिनियुक्त पदाधिकारी का नाम/पदनाम/मोबाईल नम्बर एवं अन्य सूचना विहित प्रपत्र में आयोग को **दिनांक 15.04.2024** के पूर्व आयोग एवं जिला को कृपया उपलब्ध करा दिया जाय। प्रतिनियुक्त पदाधिकारी पूरी निर्वाचन प्रक्रिया पर संबंधित अधिकारियों की भूमिका सहित एक आत्मभारित प्रतिवेदन आयोग को निर्वाचन समाप्त होने के बाद संलग्न विहित प्रपत्र (प्रेक्षक की प्रतिवेदन) में उसी दिन संध्या तक निश्चित रूप से समर्पित करेंगे। **प्रेक्षक आयोग के पत्रांक 8964 दिनांक 18.12.2021 एवं गजट संख्या 638 तथा 639 दिनांक 31.08.2010 का अध्ययन अवश्य कर लेंगे ताकि निर्वाचन में किसी तरह की प्रक्रियात्मक भूल नहीं रह जाए।**

3. अनुरोध है कि तद्नुसार कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए आयोग को अवगत कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

08/4/24

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक पं0नि0 30–24/2018– **1775**

पटना, दिनांक – 08.04.2024

प्रतिलिपि : जिला पदाधिकारी–सह–जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत), शिवहर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

08/4/24

विशेष कार्य पदाधिकारी।

8.4.24

one Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847, E-mail: secbihar@gmail.com